## न्यूज डायरी



### जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शिंजो आबे पिछले कई दिनों से पेट की बीमारी से परेशान चल रहे हैं और उन्हें कई बार हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा है। उनके इस्तीफे की अटकलें काफी दिनों से लग रही थीं। आज शिंजो आबे ने अपने इस्तीफ का औपचारिक रूप से ऐलान कर दिया। शिंजो आबे एक सप्ताह के अंदर दो बार हॉस्पिटल जा चुके हैं। शिंजो आबे के इस्तीफे के बीच जापान का शेयर बाजार धराशायी हो गया है। यह दूसरी बार है जब स्वास्थ्य कारणों से आबे को अपना पद छोड़ना पड़ा है। इससे पहले उन्होंने 2007 में एक साल तक ऑफिस में रहने के बाद अपना पद छोड़ा था। वह दुबारा 2012 में भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापस लौटे थे। उधर, जापान के सत्ताधारी दल ने कहा है कि आबे की तबीयत ठीक है।

### भारी बारिश से डूब गया पाकिस्तान राजनीति करते रह गए इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारी बारिश और बाढ़ से बेहाल पाकिस्तान में हालात बहुत खराब हो गए हैं। पाकिस्तान में बारिश और बाढ़ की वजह से अब तक करीब 200 लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जाना पड़ा है। बारिश की सबसे बड़ी मार पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले कराची शहर को उठाना पड़ा है। केवल कराची में पिछले 24 घंटों में 19 लोगों की मौत हो गई। करीब 53 साल बाद वहां इतनी जोरदार बारिश हुई है। एक तरफ पाकिस्तानी जनता बाढ़ से त्राहिमाम–त्राहिमाम कर रही है, वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान राजनीति करने में व्यस्त हैं। कराची शहर करीब एक महीने से बाढ़ की मार झेल रहा है लेकिन इमरान खान कराची की जनता की सुध नहीं ले रहे हैं। दरअसल, कराची सिंध प्रांत की राजधानी है जहां पर इस समय बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी का शासन है। इमरान खान की पार्टी के नेता कराची की बाढ़ के लिए पीपीपी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### जूम पर वीडियो मीटिंग के दौरान सेक्रेटरी के साथ सेक्स करने लगा सरकारी कर्मचारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। कोरोना महामारी में मीटिंग के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा जूम ऐप कई लोगों के लिए संकट का सबब बनता जा रहा है। मैक्सिको के बाद अब एक ऐसा ही मामला इंडोनेशिया में सामने आया है। इंडोनेशिया में काउंसिल के सरकारी कर्मचारी जीसस इस्टिल जूम पर एक मीटिंग में हिस्सा ले रहे थे। तभी अचानक वह उठते हैं और सोफे पर अपनी सेक्रेटरी के साथ सेक्स करने लगते हैं। इस दौरान जीसस इस्टिल अपना कैमरा बंद करना भूल जाते हैं और पूरी घटना लाइव हो जाती है। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना 26 अगस्त को की है। इस मीटिंग में केविटी शहर के फातिमा डोस गांव की काउंसिल पर चर्चा हो रही थी। बैठक के बीच में अचानक से काउंसिल के कैप्टन इस्टिल एक महिला के आने पर अचानक उठते हैं और उससे मिलने चले जाते हैं।

### किम जोंग–उन ने तूफान प्रभावित इलाके का दौरा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग–उन ने तूफान 'बाकी' से प्रभावित पश्चिमी तटीय इलाकों का दौरा किया और भारी नुकसान ना होने को लेकर राहत की सांस ली। उत्तर कोरिया के सरकारी 'रोडोंग सिनमुन' अखबार ने अपनी एक खबर में यह जानकारी दी और दक्षिण ह्वांगे प्रांत में चावल के धान, मकई और सेम की फसलों का निरीक्षण करते हुए किम की तस्वीरें भी प्रकाशित कीं। तूफान 'बाकी' यहां बृहस्पतिवार तड़के पहुंचा था, जो दोपहर तक कमजोर पड़कर इलाके से आगे बढ़ गया। खबर में किम दौरे पर कब गए इसकी जानकारी नहीं दी गई। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने अपनी एक खबर में किम के हवाले से कहा कि नुकसान उम्मीद से कम हुआ है। उसने कहा कि ''वह काफी चिंतित थे और उन्हें लगता है कि यह अच्छी बात है।''

# इमरान के करीबी जनरल ने बनाई अरबों रुपये की संपत्ति

खुलासा

## चीन–पाक इकनॉमिक कॉरिडोर के चेयरमैन जनरल असीम सलीम बाजवा ने अरबों की दौलत बनाई





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना के जनरल किस तरह से अपने देश को बेच खाने में लगे हैं, इसका एक ताजा उदाहरण सामने आया है। चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर के चेयरमैन जनरल असीम सलीम बाजवा और उनके परिवार के बड़े आर्थिक खेल का खुलासा हुआ है। बाजवा पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता थे और बाद में रिटायर होने पर चीन से करीबी को देखते हुए सीपीईसी के चेयरमैन बना दिए गए। बाजवा के परिवार ने उनके सेना में रहने के दौरान और उसके बाद अब तक 99 कंपनियां और 133 रेस्टोरेंट बना लिए हैं।

पाकिस्तान की चर्चित वेबसाइट फैक्ट फोकस की रिपोर्ट के मुताबिक बाजवा और उनके परिवार का यह आर्थिक साम्राज्य 4 देशों में फैला हुआ है। फैक्ट फोकस वेबसाइट ने जब यह बड़ा खुलासा किया तो कुछ देर के लिए उनकी वेबसाइट ही हैक हो गई। हालांकि बाद में उसे ठीक कर लिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे–जैसे सेना में असीम बाजवा का कद बढ़ता गया, उनके परिवार का बिजनस बढ़ता गया।

**शपथ में कहा था, पत्नी का पाकिस्तान के बाहर कोई बिजनस नहीं:** रिपोर्ट में कहा गया है कि जनरल असीम ने अपनी शपथ में कहा था कि उनकी पत्नी का पाकिस्तान के बाहर को कोई बिजनस नहीं है लेकिन असलियत ठीक इसके उलट है। बाजवा इस समय सीपीईसी के चेयरमैन है जिसके तहत चीन अरबों डॉलर का निवेश पाकिस्तान में कर रहा है। यही नहीं जनरल असीम पाक पीएम इमरान खान के विशेष सहायक हैं। असीम बाजवा के छोटे भाइयों ने वर्ष 2002 में पहली बार पापा जॉन पिज्जा रेस्त्रां खोला था। इसी साल जनरल असीम तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ के पास लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में तैनात थे।

असीम बाजवा के भाई नदीम बाजवा ने पिज्जा रेस्त्रां में डिलिवरी ड्राइवर के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। आज के समय में उनके भाईयों तथा असीम बाजवा की पत्नी 99 कंपनियों के मालिक हैं। इनके पास पिज्जा कंपनी के 133 रेस्त्रां हैं जिनकी कीमत करीब 4 करोड़ डॉलर है। इन 99 कंपनियों में 66 मुख्य कंपनियां हैं और 33 ब्रांच कंपनी। बाजवा के परिवार ने 5 करोड़ 22 लाख डॉलर अपने बिजनस को विकसित करने में खर्च किया और एक करोड़ 45 लाख डॉलर अमेरिका में संपत्ति खरीदने में।

**असीम बाजवा के खुलासे के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचाः** यह स्थिति तब है जब खुद बाजवा अपने देश में निवेश करने के लिए विदेशों में बसे पाकिस्तानियों से अपील कर रहे हैं। बाजवा की कंपनी का नाम बाज्को ग्रुप कंपनीज है। असीम बाजवा के बेटे ने वर्ष 2015 में इस कंपनी को जॉइन किया और अपने पिता के पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता रहने के दौरान देश और अमेरिका के अंदर नई कंपनियां बनानी शुरू कर दीं।

## जाधव को भारतीय वकील की अनुमति देना कानूनी तौर पर संभव नहीं: पाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारतीय बंदी कुलभूषण जाधव को भारतीय वकील देने की मांग को खारिज कर दिया है। पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा कि देश की अदालत में भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी भारतीय वकील को अनुमति देना कानूनी रूप से हमारे लिए संभव नहीं है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता जाहिद हफीज चौधरी ने भारत की मांग के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यह कहा।

चौधरी ने कहा कि भारतीय पक्ष जाधव का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी भारतीय वकील को अनुमति देने की असंगत मांग कर रहा है। हमने बार–बार उन्हें कहा है कि केवल वे वकील ही अदालत में जाधव का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, जिनके पास पाकिस्तान में वकालत करने का लाइसेंस है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय ने अपने एक निर्णय में कहा है कि देश के अंदर विदेशी वकील वकालत नहीं कर सकते।

बता दें कि पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी जाधव (50) को जासूसी और आतंकवाद के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी।



## नेपाल में चीनी राजदूत हाओ यांकी को करारा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। भारत के खिलाफ नेपाल को भड़काने में लगीं चीन की राजदूत हाओ यांकी को करारा झटका लगा है। चीनी राजदूत अब नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और राष्ट्रपति से सीधे नहीं मिल सकेंगी। दरअसल, नेपाल के विदेश मंत्रालय ने विदेशी राजनयिकों के लिए नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है। इसके तहत अब कोई भी फॉरेन डिप्लोमैट किसी भी नेता से सीधे मुलाकात नहीं कर सकेगा। इसके लिए दूसरे देशों की तरह एक तय प्रक्रिया या प्रोटोकॉल और चैनल होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ महीने से नेपाल में सियासी संकट चल रहा है।

# भारत के पास 2021 की शुरुआत में होगी कोरोना वायरस वैक्सीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। कोरोना वायरस महासंकट से जूझ रहे भारत के पास निश्चित रूप से साल 2021 की पहली तिमाही के भीतर अप्रूव्ड वैक्सीन होगा। साथ ही पैमाने के हिसाब से पुणे स्थित दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) अपनी पहली वैक्सीन वितरित करने की स्थिति में होगा। यह जानकारी एक शीर्ष वॉल स्ट्रीट रिसर्च और ब्रोकरेज फर्म, बर्नस्टीन रिसर्च की गुरुवार की रिपोर्ट से मिली है।

बर्नस्टीन की रिपोर्ट का कहना है, वैश्विक रूप से चार उम्मीदवार ऐसे हैं जो वर्तमान साल 2020 के अंत या 2021 की शुरुआत तक वैक्सीन के अप्रूवल के करीब हैं। साझेदारी के माध्यम से भारत के पास दो हैं, पहला एजेड/ऑक्सफोर्ड का वायरल वेक्टर वैक्सीन और नोवावैक्स का प्रोटीन सब–यूनिट वैक्सीन के साथ एजेड्ः ऑक्सफोर्ड वैक्सीन। उसमें आगे कहा गया है, 'एसआईआई को अपनी मौजूदा क्षमता और योग्यता के आधार पर अप्रूवल के समय, क्षमता और मूल्य निर्धारण के मद्देनजर एक या दोनों पार्टनरशिप वाले वैक्सीन कैंडीडेट्स के लिए सबसे व्यवसायीकरण के लिए सबसे अच्छी स्थिति में रखा गया है।'

### 6 डॉलर होगा दामः बर्नस्टीन रिसर्च

इन दोनों कैंडीडेट्स के पहले चरण और बाकी चरणों के ट्रायल्स के डेटा 'सुरक्षा के संदर्भ में और रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रतिक्रिया प्राप्त करने की वैक्सीन की क्षमता' को लेकर आशाजनक नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट में भारत के 'वैश्विक क्षमता समीकरण' को लेकर उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है साथ ही इसके मैन्यूफैक्चरिंग पैमाने को चुनौतियों का सामना नहीं करने की उम्मीद भी जताई गई है।

बर्नस्टीन की रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुमान के तौर पर सरकार के लिए प्रति खुराक खरीद मूल्य तीन डॉलर और उपभोक्ताओं के लिए प्रति खुराक मूल्य छह डॉलर होने की संभावना है।

## बाइडन राष्ट्रपति बने तो अमेरिका पर कब्जा कर लेगा चीनः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विपक्षी जो बाइडन पर चीन को लेकर जोरदार हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि अगर बाइडन राष्ट्रपति बनते हैं तो चीन हमारे देश पर कब्जा कर लेगा लेकिन अमेरिका की जनता ने उन्हें दोबारा चुना तो वह कोरोना संकट के लिए पेइचिंग को जवाबदेह ठहराएंगे।

ट्रंप ने कहा कि जो बाइडन का अजेंडा मेड इन चाइना है और मेरा अजेंडा मेड इन अमेरिका है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बनते हैं तो आने वाले 4 वर्षों में हम अमेरिका को मैनुफैक्चरिंग में सुपरपॉवर बनाएंगे। हम देश में अवसर बढ़ाएंगे और मेडिकल सप्लाइ चेन को वापस अमेरिका में लाएंगे। हम अपनी चीन पर से निर्भरता को हमेशा के लिए पूरी तरह से खत्म करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वॉशिंगटन में लोग मुझसे कह रहे थे कि चीन के खिलाफ खड़े न हों, उसे हमारी हमारी नौकरियों को चोरी करने दो लेकिन मैंने अमेरिकी जनता को वचन दिया था।